**कक्षा 11**

# राजनीतिक शास्त्र

समय : 3 घंटे कुल अंक : 80

सामान्य निर्देश

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं*

*(a) प्रश्न संख्या 1 से 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है इनमें से 1 से 12 तक प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से सही विकल्प का चयन कीजिए। प्रश्न 13 से 15 प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द में दीजिए। प्रश्न 16 से 18 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रश्न 19 से 20 अभी कथन वाले प्रश्न है*

*(b) प्रश्न संख्या 21 से 28 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है इन प्रश्नों का उत्तर कुछ शब्दों या वाक्य में दिया जाना चाहिए।*

*(c) प्रश्न संख्या 29 से 36 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों में होना चाहिए।*

*(d) प्रश्न संख्या 37 से 40 निबंध प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इन प्रश्नों का उत्तर 100 - 120 शब्दों में होना चाहिए।*

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें –

1 पॉलिटिक्स रचना है 1

(क) प्लेटो की (ख) हाउस की (ग) जॉन लॉक की (घ) अरस्तु की

2 "स्वतंत्रता अति शासन का उल्टा रूप है" यह कथन निम्न में से किस विद्वान का है – 1

(क) मिल (ख) गैटल (ग) लॉसकी (घ) रूसो

3 न्याय का आधारभूत लक्षण निम्न में से है – 1

(क) सत्य (ख) निष्पक्षता (ग) सुरक्षित भेदभाव (घ) उपर्युक्त सभी

4 मानव अधिकारों की संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सार्वभौमिक घोषणा हुई थी – 1

(क) सन 1948 में (ख) सन 1950 में (ग) सन 1952 में (घ) सन 1954 में

5 जन्मजात नागरिकता का अधिकार निम्नलिखित में से – 1

(क) भूमि का सिद्धांत (ख) रक्त सिद्धांत (ग) क और ख दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

6 भारतीय नागरिकता के संबंध में कानून संसद द्वारा निम्नलिखित वर्ष में पास किया गया था – 1

(क) सन 1948 में (ख) सन 1951 में (ग) सन 1957 में (घ) सन 1955

7 भारतीय संविधान का निर्माण किया गया - 1

(क) संविधान सभा द्वारा (ख) ब्रिटिश संसद द्वारा (ग) भारतीय संसद द्वारा (घ) ब्रिटिश सम्राट द्वारा

8 संविधान के कौन से भाग में मौलिक कर्तव्य अंकित है– 1

(क) भाग - तृतीय में (ख) भाग -चतुर्थ में (ग) भाग -चतुर्थ A में (घ) भाग -पांचवें में

9 भारत में मतदान के लिए न्यूनतम आयु निश्चित की गई है - 1

(क) 18 वर्ष (ख) 21 वर्ष (ग) 25 वर्ष (घ) 20 वर्ष

10 वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री कौन हैं। 1

(क) श्री अमित शाह (ख) श्री राजनाथ सिंह (ग) श्री नरेंद्र मोदी (घ) डॉ मनमोहन सिंह

11भारतीय संविधान में अब तक संशोधन हो चुके हैं। 1

(क) 103 (ख) 102 (ग) 104 (घ) 105

12 समानता की अवधारणा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है -

(क) सभी को समान वेतन देना (ख) विशेष अधिकारों का अभाव (ग) सभी को सामान गुजारा भत्ता (घ) सबके साथ समान व्यवहार 1

13 राज्यसभा के सदस्य का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है। 1

14किस संविधान संशोधन को लघु संविधान कहा जाता है। 1

15 भारत में पहली पंचायत कब और कहां गठित हुई थी। 1

खाली स्थान भरो

16 भारत में इस समय कुल................ उच्च न्यायालय हैं। 1

17................ भाषाओं को संवैधानिक मान्यता दी गई है। 1

18 संघीय सूची में.................... विषय है।

अभिकथन प्रश्न

19 अभिकथन A -भारतीय धर्मनिरपेक्षता सभी धर्म में सैद्धांतिक राज्य हस्तक्षेप की अनुमति देता है। 1

करण R -धार्मिक रूप से स्वीकृत जाती- पदानुक्रम भारतीय धर्मनिरपेक्षता के भीतर स्वीकार्य नहीं है।

(a) A और R दोनों सत्य है R A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य है लेकिन R A की सही व्याख्या नहीं करता।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d)A असत्य है लेकिन R सत्य है।

20 अभिकथन A- मौलिक अधिकारों को अलग से सूचीबद्ध किया है और उनके संरक्षण के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। 1

करण R - मौलिक अधिकार हमारे लिए उपलब्ध अन्य अधिकारों से अलग हैं।

(a) A और R दोनों सत्य है R A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सत्य है लेकिन R A की सही व्याख्या नहीं करता।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है। तीन अंक वाले प्रश्न

(d)A असत्य है लेकिन R सत्य है।

2 अंक वाले प्रश्न

21 लोकतंत्र के सफल संचालन के लिए नागरिकों का जागरूक होना जरूरी है। टिप्पणी लिखें । 2

22 समानता का अर्थ बताएं । 2

अथवा

समानता के दो रूप बताएं। 2

23 अधिकार किसे कहते हैं। 2

अथवा

अधिकारों की दो विशेषता बताएं। 2

24 राष्ट्रवादी भावनाओं को प्रेरित करने वाले दो कारक बताएं। 2

25 संविधान का अर्थ व इसके दो प्रकार बताएं। 2

26 लोकसभा की तीन शक्तियां बताएं । 2

27 संविधान संशोधन करने के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता क्यों पड़ती है व्याख्या करें। 2

28 ऐसा क्यों कहा जाता है कि भारतीय संविधान बनाने की प्रक्रिया प्रतिनिधि मूलक नहीं थी। क्या इस कारण हमारा संविधान प्रतिनिध्यात्मक नहीं रह जाता ,अपने उत्तर का कारण बताएं। 2

अथवा

भारतीय संविधान की प्रस्तावना की दो विशेषता बताएं। 2

3 अंक वाले प्रश्न

29 नागरिकों की स्वतंत्रता बनाए रखने में राज्य की क्या भूमिका है। 3

अथवा

स्वतंत्रता की रक्षा के लिए तीन उपाय बताएं। 3

30 आमतौर पर एक स्वस्थ और उत्पादक जीवन जीने के लिए व्यक्ति की न्यूनतम बुनियादी ज़रूरतें क्या मानी गई है इन न्यूनतम को सुनिश्चित करने में सरकार की क्या जिम्मेदारी है। 3

31 राष्ट्र किस प्रकार से बाकी सामूहिक संबद्धताओं से अलग है। 3

32 धर्मनिरपेक्षता के पश्चिमी और भारतीय मॉडल की कुछ विशेषताओं का आपस में घोल मेल हो गया है उन्हें अलग करें और नई सूची बनाएं। 3

33 भारतीय संविधान में दिए गए मूल अधिकारों का महत्व बताएं । 3

अथवा

भारतीय संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों की तीन विशेषताएं बताएं। 3

34 क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अर्थ है कि न्यायपालिका किसी के प्रति जवाब नहीं है अपना उत्तर बताएं। 3

अथवा

न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए संविधान के विभिन्न प्रावधान कौन-कौन से हैं। 3

35 भारतीय संविधान की तीन विशेषता लिखें जिन से प्रादेशिक सरकार की अपेक्षा केंद्रीय सरकार को ज्यादा शक्तियां प्रदान की गई है। 3

36 संविधान के 73वें संशोधन से पहले और संशोधन के बाद के स्थानीय शासन के तीन मुख्य भेद बताएं। 3

5 अंक वाले प्रश्न

37 सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों के बीच अंतर बताएं। इस प्रकार के अधिकारों के उदाहरण भी दीजिए। 5

अथवा

अधिकार राज्य की सीमाओं पर कुछ सीमाएं लगाते हैं। उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। 5

38 शरणार्थियों की समस्याएं क्या है। वैश्विक नागरिकता की अवधारणा किस प्रकार उनकी सहायता कर सकती है। 5

अथवा

आदर्श नागरिक के गुण बताएं। 5

39 भारत का लोकतंत्र अब अनपढ़ 'फर्स्ट पोस्ट द पोस्ट' प्रणाली को छोड़कर समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली अपनाने के लिए तैयार हो चुका है क्या आप इस कथन से सहमत हैं। 5

अथवा

भारतीय चुनाव प्रणाली की विशेषता बताएं। 5

40 संसदीय व्यवस्था में कार्यपालिका को नियंत्रण रखने के लिए विधायिका को बहुत से अधिकार दिए गए हैं। कार्यपालिका को नियंत्रित करना इतना जरूरी क्यों है? आप क्या सोचते हैं। 5

अथवा

राष्ट्रपति का चुनाव कैसे होता है। 5